# ज्ञान-दीप

## ज्ञान महाविद्यालय, अलीगढ़



पुरातन विद्यार्थी समिति तथा ज्ञान सेवा योजन प्रकोष्ठ की वार्षिक पत्रिका-2014

Facebook : gyanvatika@groups.facebook.com Mob.: 9219419405 E-mail : gyanmv@gmail.com Website : www.gyanmahavidyalaya.com

**डॉ. वाई. के. गुप्ता**
प्राचार्य

**श्रीमती सरिता याज्ञनिक**
संयोजिका
पुरातन विद्यार्थी समिति

**श्री गिर्राज किशोर**
प्रभारी
ज्ञान सेवा योजन प्रकोष्ठ

**तृतीय अंक**

### सरकारी सेवाओं में नियुक्त महाविद्यालय के पुरातन विद्यार्थी :



आकाश अरोरा
लिपिक
ग्रामीण बैंक ऑफ आर्यावर्त



सत्येन्द्र सिंह सहराव
हैड कॉस्टेबिल
एन.जी.एल. नार्दन कोल लि.,
भारत सरकार



जितेन्द्र कुमार
हैल्पर
कैरेज एण्ड वैगेन,
भारतीय रेलवे

### जिला अलीगढ़ के परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में सहायक अध्यापक के पद पर नियुक्त पुरातन विद्यार्थी


साक्षी


धर्मेन्द्र कुमार


पूजा कौशल


चन्द्रकान्त तिवारी


रिंकी माहेश्वरी


महीपाल सिंह


दीप्तीशाह


संतोष वर्मा


भारती उपाध्याय


राशि सिंह


हेमलता चौहान


मुनीश कुमार


निर्मल कुमारी


अन्नू गौड़


प्रवीन कुमार


रेखा चौधरी


प्रभात शर्मा


प्रेमपाल सिंह

**पुरातन विद्यार्थी निम्नांकित तरीकों से ज्ञान महाविद्यालय को सहयोग कर सकते हैं :**

1. महाविद्यालय के सर्वांगीण विकास के लिए व्यावहारिक सुझाव देकर।
2. अपने से कनिष्ठ विद्यार्थियों को रोजगार हेतु दिशा निर्देश देकर।
3. महाविद्यालय को एकेडमिक इनपुट देकर।
4. अपनी इच्छानुसार आर्थिक तथा सामाजिक सहयोग देकर।

Scanned by CamScanner

1. **पुरातन विद्यार्थी समिति का चुनावः** 12 दिसम्बर, 2013 को महाविद्यालय की पुरातन विद्यार्थी समिति का चुनाव बी.एड.विभाग की वरिष्ठ प्रवक्ता एवं चुनाव अधिकारी श्रीमती सरिता याजनिक की देखरेख में सम्पन्न हुआ। चुनाव के दिन जनता इण्टर कॉलेज, छेरत के प्रधानाचार्य डॉ. जय प्रकाश मुख्य अतिथि थे। श्री कुलदीप भारद्वाज को अध्यक्ष, श्री प्रदीप कुमार को उपाध्यक्ष, श्री अरूण कुमार शर्मा को सचिव तथा श्री प्रशान्त जैन को कोषाध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया।

2. **पुरातन विद्यार्थी समिति का शपथ ग्रहण समारोह :** 16 दिसम्बर, 2013 को महाविद्यालय के स्वागत्य सभागार में यह समारोह ज्ञान दिवस के रूप में मनाया गया। सचिव श्री दीपक गोयल, डॉ. गौतम गोयल तथा प्रबन्धक श्री मनोज यादव ने इस आयोजन में विशेष रूप से भाग लिया। I.G.N.O.U. के अलीगढ़ केन्द्र के रीजनल डायरेक्टर डॉ. अनिल कुमार डिमरी तथा सहायक रीजनल डायरेक्टर डॉ. बी. पी. सिंह क्रमशः मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इन अतिथियों ने 12 दिसम्बर, 2013 को पुरातन विद्यार्थी समिति हेतु निर्वाचित पदाधिकारियों को उनके पद की शपथ दिलाकर निर्वाचित होने के प्रमाण पत्र दिये। इसी क्रम में श्रीमती सरिता याजनिक ने पुरातन विद्यार्थी समिति की संयोजिका की हैसियत से समिति के उद्देश्य तथा महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने अनेक प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम नृत्य, गीत, एकांकी, भजन, हास्य-व्यंग्य तथा लोकगीत प्रस्तुत किये। मुख्य अतिथि ने कहा कि ज्ञान महाविद्यालय तथा I.G.N.O.U. मिलकर विद्यार्थियों के हित के लिए नियोजन करेंगे, उन्होंने I.G.N.O.U. के कार्यक्रमों का उल्लेख भी किया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती सरिता याज्ञनिक ने किया। सचिव महोदय ने विद्यार्थियों को संस्कारित करने पर बल दिया। कार्यक्रम के अन्त में प्राचार्य जी ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया तथा प्राध्यापक एवं विद्यार्थियों को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम के समापन के बाद सभी विद्यार्थी तथा उपस्थित व्यक्तियों ने एक साथ शाकाहारी भोजन का आनन्द लिया।

3. **तीन दिवसीय उद्यमिता जागरूकता अभियान :** 25 फरवरी, 2014 को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार, नयी दिल्ली तथा एन.आई.ई.एम. फरह (मथुरा) के संयुक्त तत्वावधान में हमारे महाविद्यालय में उद्यमिता जागरूकता अभियान की शुरूआत की गयी। बी.एस.-सी. के विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के कार्यक्रम समन्वयक श्री जितेन्द्र कुमार शर्मा ने सरकारी तथा प्राइवेट नौकरी एवं स्वरोजगार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए स्वक्षमता को पहचानने एवं उसमें वृद्धि करने के तरीकों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दूसरे दिन जिला उद्योग केन्द्र अलीगढ़ के मुख्य प्रबन्धक श्री वाई.पी.गुप्ता तथा सह प्रबन्धक श्री डी.वी.एस. चौहान ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय कौशल विकास मिशन व केन्द्र तथा राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। महाविद्यालय के प्रबन्धक श्री मनोज यादव पूरे कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित थे। अन्त में उप प्राचार्य डॉ. एस.एस.यादव ने आगन्तुक उक्त अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।



4. **स्वरोजगारोन्मुख शिक्षा विषयक संगोष्ठी :** 5 मार्च, 2014 को सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विकास संस्थान, नुनहाई (आगरा) ने हमारे महाविद्यालय में "युवा वर्ग को स्वरोजगारोन्मुख शिक्षा" विषय पर संगोष्ठी आयोजित की। हमारे महाविद्यालय के वाणिज्य सकाय के लगभग 250 विद्यार्थियों ने इस संगोष्ठी में भाग लिया। संस्थान के इन्वेस्टीगेटर श्री सुनील कुमार ने युवाओं को अपनी स्वरोजगारोन्मुखी प्रतिभा का विकास करने की सलाह दी। जिला उद्योग केन्द्र अलीगढ़ के प्रबन्धक श्री एल.



Scanned by CamScanner

एन. अग्रवाल ने स्वरोजगार विकसित करने हेतु भूमि, पूँजी, श्रम, शक्ति, साहस तथा अनिश्चितता के संदर्भ में जिला उद्योग केन्द्र की भूमिका बतायी। एफ.एल.सी.सी. के वित्तीय सलाहकार श्री एन.पी. सिंह ने उद्योगों के संचालन हेतु संस्थागत ऋणों पर प्रकाश डाला। मण्डल स्तरीय लीड बैंक मैनेजर तथा केनरा बैंक अलीगढ़ के श्री शंकर लाल वर्मा ने उद्योगों के संचालन में बैंकों के सहयोग संबंधी जानकारी दी। प्रबन्धक श्री मनोज यादव, प्राचार्य डॉ. वाई.के. गुप्ता तथा वाणिज्य संकाय के सभी प्राध्यापकों ने संगोष्ठी में भाग लिया।

5. **महाविद्यालय के सेवा योजन प्रकोष्ठ ने अपने परिसर में विद्यार्थियों का साक्षात्कार कराया :** 30 मई, 2014 को इण्डियन डाई कास्टिंग इण्डस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड अलीगढ़ के अधिकारी श्री उमेश कुमार एवं प्रमोद कुमार ने महाविद्यालय के सेमीनार हाल में आयोजित ''नौकरियों हेतु चयन साक्षात्कार'' में हमारे यहाँ एम.कॉम., बी.एस.-सी. तथा आई.टी.आई. में अध्ययनरत कुल 18 विद्यार्थियों का नौकरी के लिए साक्षात्कार लिया।

6 **औद्योगिक अभिप्रेरणा अभियान :** 4 अगस्त, 2014 को भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के आगरा स्थित एम.एस.एम.ई. विकास संस्थान के सहायक निदेशक श्री शकील अहमद तथा इंवेस्टीगेटर श्री सुशील यादव ने हमारे महाविद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में हमारे महाविद्यालय में बी.एड. में अध्ययनरत वाणिज्य, अर्थशास्त्र तथा विज्ञान पृष्ठ भूमि के 59 विद्यार्थियों के साथ-साथ अनेक प्राध्यापकों ने भाग लिया।




श्री सुशील यादव ने वर्तमान परिवेश में उद्यमशीलता की आवश्यकता को स्पष्ट करते हुए लघु सूक्ष्म एवं मध्यम उद्यमों को परिभाषित कर Listening skills तथा व्यक्तित्व विकसित करने के तरीकों पर प्रकाश डाला। श्री शकील अहमद ने उद्यम शुरू करने एवं उनके संचालन के सैद्धान्तिक तथा व्यावहारिक तरीके बताये।

7. **उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम :** 16 सितम्बर, 2014 को ज्ञान महाविद्यालय परिसर में महाविद्यालय के कला, विज्ञान तथा वाणिज्य संकाय एवं ज्ञान आई.टी.आई. के लगभग 400 विद्यार्थियों को राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लि. (एन.एस.आई.सी.) के तत्वावधान में आयोजित उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम में स्वरोजगार अपनाने हेतु प्रशिक्षित किया गया। एन.एस.आई.सी. अलीगढ़ के सहायक प्रबंधक श्री प्रदीप पाण्डेय ने अपने निगम के उद्देश्य, कार्य, प्रणाली तथा उद्यमिता के बारे में विस्तार से बताया। एन.एस.आई.सी. के उप प्रबन्धक श्री ललित कुमार व वरिष्ठ विशेषज्ञ श्री राम प्रकाश पाण्डेय ने भी विद्यार्थियों को उद्यमिता से संबंधित विशिष्ट जानकारी दी। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.वाई.के. गुप्ता, तथा कला, विज्ञान और वाणिज्य संकाय के प्रभारी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. ललित उपाध्याय ने किया तथा समन्वय डॉ. एस.एस.यादव, डॉ.जे.के. शर्मा, डॉ. विवेक मिश्र एवं श्री सुरेश चन्द्रा ने किया।




Scanned by CamScanner

## ज्ञान महाविद्यालय अलीगढ़ में इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (IGNOU) के विशेष अध्ययन केन्द्र की स्थापना:

इग्नू के RSD Notification No. 0037IG/RSD/Estt./LSC/Notification/2014/2960 Dated 8 December, 2014 के द्वारा ज्ञानमहाविद्यालय, अलीगढ़ [कोड नं. 47036 (डी)] में निम्नांकित कार्यक्रमों के कार्यान्वयन के लिए विशेष अध्ययन केन्द्र की स्थापना की गई है-

| क्रमांक | कार्यक्रम | प्रवेश हेतु न्यूनतम शैक्षिक योग्यता | अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | बैचलर ऑफ प्रोपेटरी प्रोग्राम | औपचारिक शिक्षा आवश्यक नहीं, न्यूनतम आयु 18 वर्ष | 6 माह |
| 2. | मास्टर ऑफ आर्टस इन सोसियोलॉजी | स्नातक | 2 वर्ष |
| 3. | मास्टर ऑफ आर्टस इन इकॉनोमिक्स | स्नातक | 2 वर्ष |
| 4. | मास्टर ऑफ आर्टस इन रूरल डेवलपमेंट | स्नातक | 2 वर्ष |
| 5. | पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन रूरल डेवलपमेंट | स्नातक | 1 वर्ष |
| 6. | डिप्लोमा इन बिजिनेस प्रोसेसिंग आउटसोर्सिंग फाइनेंस एण्ड एकाउण्टिंग | अंग्रेजी विषय सहित कम से कम 50 प्रतिशत प्राप्तांको से 12वीं पास | 1 वर्ष |
| 7. | सर्टिफिकेट इन रूरल डेवलपमेंट | स्नातक | 6 माह |
| 8. | सर्टिफिकेट इन टीचिंग इन इंग्लिश | स्नातक या 10+2 (2 वर्ष के अध्यापन अनुभव सहित) | 6 माह |
| 9. | सर्टिफिकेट इन एनवायरमेंटल स्टडीज | 10+2 | 6 माह |

सभी व्यक्तियों से अनुरोध है कि वे इस विषय में अपने परिचितों को भी सूचित कर दें। उपर्युक्त कार्यक्रमों में प्रवेश लेने के इच्छुक व्यक्ति केन्द्र के समन्वयक श्री आर. के. शर्मा (विभागध्यक्ष बी. टी. सी.) से सम्पर्क करें।


### आभार

ज्ञान दीप के प्रकाशन हेतु अमूल्य सुझाव एवं निदेशन के लिए हम अपने महाविद्यालय के सचिव श्री दीपक गोयल के कृतज्ञ हैं। डॉ. एस.एस.यादव, उप प्राचार्य एवं पूर्व संयोजक, पुरातन विद्यार्थी समिति से समय-समय पर प्राप्त परामर्श के लिए हम उनके आभारी हैं। हम श्रीमती शोभा सारस्वत के भी आभारी है क्योंकि उन्होंने बड़ी तत्परता से सहायक अध्यापक के पद पर नियुक्त पुरातन विद्यार्थियों से संबंधित जानकारी एकत्र कर हमें दी।

- श्रीमती सरिता याजनिक

- गिर्राज किशोर



## ज्ञान महाविद्यालय, आगरा रोड, अलीगढ़

(डॉ. भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, आगरा से सम्बद्ध)

संचालित पाठ्यक्रम - बी.कॉम., एम.कॉम., बी.एस.-सी., बी.ए., बी.बी.ए., बी.सी.ए., बी.एड. एवं ज्ञान आई.टी.आई.


Scanned by CamScanner